# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,नागौर

## पीठासीन अधिकारी–पीयुष समारिया, आई.ए.एस.

**प्रार्थना पत्र प्रकरण संख्या–105/2022**
**जी.सी.एम.एस. पोर्टल संख्या– 2022/130**

| **प्रार्थी** | बनाम | **अप्रार्थीगण** |
|---|---|---|
| ए.यू. स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड, (पूर्व नाम एयू फाईनन्सर्स (इण्डिया) लि0) रजिस्टर्ड कार्यालय 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर 302001 राजस्थान एवं पत्राचार का पता–एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटड एयू सेन्टर, तीसरी मंजिल, सन्नी ट्रेड टॉवर, न्यू अतिश मार्केट, जयपुर 342019 राजस्थान जरिये प्राधिकृत अधिकारी विक्की शर्मा | | 1–मैसर्स सती मोटर्स जरिये प्रोपराईटर श्री हनुमानराम पता–मुख्य बाजार, पोस्ट कुकनवाली, तहसील कुचामनसिटी, जिला नागौर 341519 राजस्थान<br>2–हनुमानराम पुत्र सीताराम पता–महाजन बस्ती, वीपीओ प्रेमपुरा, कुचामन सिटी, जिला नागौर 341519 राजस्थान।<br>3–दुर्गाराम सीताराम माली पुत्र सीताराम गोविन्दराम माली पता–सैनियों का मौहल्ला, प्रेमपुरा, कुचामनसिटी, जिला नागौर 341519 राजस्थान। द्वितीय पता–महाजन बस्ती,वीपीओ प्रेमपुरा, जिला नागार 341519 राजस्थान |

**आदेश** दिनांकः 28/4/22

प्रार्थी की ओर से यह प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत पेश हुआ।

प्रकरण में प्रार्थी की से प्रस्तुत उक्त प्रार्थना पत्र पर, वकील प्रार्थी को सुना गया। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों में यह कथन किया है कि प्रार्थी बैक ने अप्रार्थी/ऋणी को जरिये **रूपये 28,00,000/–(अक्षरे अठाईस लाख रूपये मात्र) ऋण सुविधा दिनांक 28.01.2019 को** ऋण उपलब्ध करवाया गया। अप्रार्थीगण/ऋणी द्वारा उक्त प्राप्त ऋण की सुविधा के एवज में **सम्पति–हनुमानराम, आवासीय सम्पति अवस्थित मिसल संख्या 30/84, पट्टा संख्या 11 ग्राम कुकनवाली, पंचायत समिति कुचामनसिटी, जिला नागौर 341519 राजस्थान मोरगेज आवासीय सम्पति के सभी अभिन्न अंग–सम्पति भूमि और भवन, सरंचना निर्माण व प्रतिष्ठान आदि शामिल है। उत्तर में–आम रास्ता 35 फीट, दक्षिण में–धर्मेन्द्र योगी का मकान, पूर्व में–जगदीश नाथ का मकान, पश्चिम में–रामेश्वरनाथ का भूखण्ड है। क्षैत्रफल 1076.625 वर्ग फीट है,** जो प्रार्थी बैक के पास ऋण अदायगी हेतु ऋणी एंव जमानतदार ने आवश्यक दस्तावेज निष्पादित किये।

अप्रार्थीगण/ऋणी ने उपलब्ध ऋण का बैक के नियमानुसार भुगतान नही चुकाया। जिसकी वजह से उक्त खाते को **दिनांक 28.01.2022** को एन.पी.ए. घोषित कर दिया गया व उक्तं ऋण के संबंध मे अप्रार्थी/ऋणी में कुल **रूपये 28,51,246/–(अक्षरे अठाईस लाख इकावन हजार दौ सौ छियालीस रूपये मात्र) दिनांक 03.02.2022 तक तथा कुल बकाया 29,70,785/–(अक्षरे उन्नतीस लाख सत्तर हजार सात सौ पिचयासी रूपये मात्र) दिनांक 15.04.2022 तक शेष देय है एंव आगे का ब्याज व खर्चे सहित राशि का भुगतान** बकाया निकलते है।

उक्त ऋण खाते में ऋणी द्वारा नियमानुसार भुगतान नहीं करने पर एन.पी.ए. घोषित होने के बाद एक्ट की धारा 13 (2) का नोटिस **दिनांक 25.11.2019** प्रार्थी बैक ने ऋणी/अप्रार्थी को रजिस्टर्ड नोटिस दिये गये, एवं नोटिस का अखबार प्रकाशन भी करवाया गया, परन्तु सूचना के पश्चात भी अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि जमा नहीं करवायी गई व न बंधक शुदा सम्पति सम्पूर्ण कब्जा प्रार्थी बैक को दिया गया। ऋणी को उपरोक्त नोटिस के अनुसार 60 दिन के अन्दर ऋण राशि में **रूपये 28,51,246/–(अक्षरे अठाईस लाख इकावन हजार दौ सौ छियालीस रूपये मात्र) दिनांक 03.02.2022 तक तथा कुल बकाया 29,70,785/–(अक्षरे उन्नतीस लाख सत्तर हजार सात सौ पिचयासी रूपये मात्र) दिनांक 15.04.2022 तक शेष देय है एंव आगे का ब्याज व खर्चे सहित** भुगतान को चुकाना था, परन्तु ऋणी/अप्रार्थीगण ने उपरोक्त नोटिस के अनुसार ऋण राशि जमा नहीं करवाई, इसलिए एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत कार्यवाही करना आवश्यक हो गया है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Peeyush Samariya
Date: 2023.06.08 13:28:35 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक को बंधक सम्पति का ऋणी एवं जमानतियों से कब्जा लेने में सहायता आवश्यकता है, के कारण प्रार्थी बैक ने जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष बैक सिक्योरिटीज एवं सिक्योरिटीज से संबंधित डोक्यूमेन्ट का ऋणी/जमानती से कब्जा लेकर प्रार्थी बैक को कब्जा दिलवाने के लिये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

बैक सिक्योरिटीज सम्पति का विवरण **सम्पति– हनुमानराम, आवासीय सम्पति अवस्थित मिसल संख्या 30/84, पट्टा संख्या 11 ग्राम कुकनवाली, पंचायत समिति कुचामनसिटी, जिला नागौर 341519 राजस्थान मोरगेज आवासीय सम्पति के सभी अभिन्न अंग–सम्पति भूमि और भवन, सरंचना निर्माण व प्रतिष्ठान आदि शामिल है। उत्तर में–आम रास्ता 35 फीट, दक्षिण में–धर्मेन्द्र योगी का मकान, पूर्व में–जगदीश नाथ का मकान, पश्चिम में–रामेश्वरनाथ का भूखण्ड है। क्षैत्रफल 1076.625 वर्ग फीट है,** जो प्रार्थी बैक के पास हाईपोथीकेटेड है, का कब्जा लेना है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर प्रार्थना पत्र में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा संबंधित डौक्यूमेन्टस का कब्जा एक्ट की धारा 14 के अनुसार ऋणी/अप्रार्थीगण से प्रार्थी बैक को कब्जा दिलाने का आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि ऋणी/अप्रार्थीगण ने प्रार्थी बैक से **रूपये 28,00,000/–(अक्षरे अठाईस लाख रूपये मात्र) ऋण सुविधा दिनांक 28.01.2019** को प्राप्त की थी। उक्त ऋण के बदले में इकरारनामा व उससे संबंधित दस्तावेज तैयार कर अपने हस्ताक्षर से प्रार्थी बैक के पक्ष में निष्पादित किये थे। प्रार्थी बैक द्वारा नियमानुसार ऋण वसूली के लिये आडिनेन्स की धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस जारी करना पाया जाता है।

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में उपरोक्तानुसार रहन की गयी सम्पत्ति को प्रार्थी के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। जो इस प्रकार हैः– प्रतिभूति आस्थी का कब्जा लेने में प्रतिभूति लेनदार की सहायता करने के लिये मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जहां किसी प्रतिभूति आस्तियों का कब्जा प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिये जाने की आवश्यकता हो, या यदि किन्ही प्रतिभूत आस्तियों का विक्रय या अन्तरण प्रतिभूत लेनदार द्वारा इस अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत किये जाने की आवश्यकता हो, तो प्रतिभूत लेनदार किसी प्रतिभूत आस्ति के कब्जे या नियंत्रण को लेने के प्रयोजन के लिये, लिखित में मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट को उनकी अधिकारिता के भीतर अनुरोध करेगा, ऐसी कोई प्रतिभूत आस्ति या उससे संबंधित अन्य दस्तावेज स्थित हो सकेगा या पाया जा सकेगा,उसका कब्जा लेने के लिये अनुरोध करेगा,और मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जो स्थित हो, उसको किये गये उस अनुरोध पर –(क)उस आस्ति और उससे संबंधित दस्तावेजों का कब्जा लेगा, और (ख) प्रतिभूत लेनदार को उन आस्तियों और दस्तावेजों को भेजेगा।

धारा 14 (2) उप धारा (1) के प्रावधानों के साथ अनुपालना को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिये, मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट उन कदमो को लेगा या लिवा सकेगा या ऐसा बल प्रयुक्त कर सकेगा जो उसकी राय मे आवश्यक हो सकेगा।

उपरोक्त प्रावधानो को दृष्टीगत रखते हुए इस संबंध मे पुलिस इमदाद उपलब्ध कराने हेतु आदेश पारित किया जाना हम उचित समझते हैं । अतः प्रार्थी का यह प्रार्थना पंत्र स्वीकार किया जाता है। पुलिस अधीक्षक नागौर को निर्देश दिये जाते है कि अप्रार्थी/ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक के पक्ष मे बतौर प्रतिभूति अपने स्वामित्व मे **सम्पति– हनुमानराम, आवासीय सम्पति अवस्थित मिसल संख्या 30/84, पट्टा संख्या 11 ग्राम कुकनवाली, पंचायत समिति कुचामनसिटी, जिला नागौर** 341519 राजस्थान मोरगेज आवासीय सम्पति के **सभी अभिन्न अंग–सम्पति भूमि और भवन, सरंचना निर्माण** व प्रतिष्ठान आदि शामिल है। **उत्तर में–आम रास्ता 35 फीट, दक्षिण में–धर्मेन्द्र योगी का मकान,** पूर्व में–जगदीश नाथ का मकान, पश्चिम में–रामेश्वरनाथ **का भूखण्ड है। क्षैत्रफल 1076.625 वर्ग फीट है,** जो प्रार्थी बैक के पास हाईपोथीकेटेड है, को प्रार्थी बैक के हक मे बंधक किया था तथा बंधक विलेख निष्पादित किया था, के संबंध मे संबधित थानाधिकारी, पुलिस थाना को निर्देशित करे कि वे उक्त संपति का कब्जा व उससे संबधित अन्य कोई दस्तावेज अप्रार्थी के कब्जे मे हो तो उन दस्तावेजो को प्रार्थी को संभलाने हेतु मौके पर जाकर विधि सम्मत कार्यवाही करें।

आदेश सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Peeyush Samariya
Date: 2023.06.08 15:28:35 IST
Reason: SelfAttested

(पीयूष समारिया)
जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट,नागौर

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)
जिला मजिस्ट्रेट नागौर